**Series SMA**

कोड नं.
Code No. **58/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 11 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 32 प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains 11 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 32 questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 100

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

सामान्य निर्देश :

(i) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या 1 – 5 तथा 17 – 21 अति लघुउत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का 1 अंक है । इनका उत्तर केवल एक वाक्य में ही अपेक्षित है ।

(iv) प्रश्न संख्या 6 – 10 और 22 – 26 लघुउत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 3 अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या 11 – 13 और 27 – 29 भी लघुउत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 70 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या 14 – 16 और 30 – 32 दीर्घउत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 6 अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।

***General Instructions :***

*(i) All questions in both the sections are compulsory.*

*(ii) Marks for questions are indicated against each.*

*(iii) Questions No. 1 – 5 and 17 – 21 are very short-answer questions carrying 1 mark each. They are required to be answered in one sentence each.*

*(iv) Questions No. 6 – 10 and 22 – 26 are short-answer questions carrying 3 marks each. Answers to them should normally not exceed 60 words each.*

*(v) Questions No. 11 – 13 and 27 – 29 are also short-answer questions carrying 4 marks each. Answers to them should normally not exceed 70 words each.*

*(vi) Questions No. 14 – 16 and 30 – 32 are long-answer questions carrying 6 marks each. Answers to them should normally not exceed 100 words each.*

*(vii) Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

खण्ड क

SECTION A

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र की परिभाषा दीजिए । 1

Define microeconomics.

2. माँग वक्र के खिसकने का एक कारण बताइए । 1

Give one reason for a shift in demand curve.

3. जैसे-जैसे उत्पादन में वृद्धि होती है, कुल परिवर्ती लागत का व्यवहार क्या रहता है ? 1

What is the behaviour of Total Variable Cost, as output increases ?

4. एक ऐसे बाज़ार में जिसमें एक फर्म दी गई कीमत पर उत्पादित वस्तु की कितनी भी मात्रा बेच सकती है, सीमांत संप्राप्ति (आगम) का व्यवहार क्या रहता है ? 1

What is the behaviour of Marginal Revenue in a market in which a firm can sell any quantity of the output it produces at a given price ?

5. कीमत-निर्धारक फर्म से क्या अभिप्राय है ? 1

What is a price-maker firm ?

6. उत्पादन संभावना वक्र की परिभाषा दीजिए । समझाइए कि यह बाएँ से दाएँ नीचे की ओर ढलवाँ क्यों होता है । 3

Define Production Possibilities Curve. Explain why it is downward sloping from left to right.

7. एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है और संतुलन में है । X की कीमत कम हो जाती है । उपयोगिता विश्लेषण से उपभोक्ता की प्रतिक्रिया समझाइए । 3

A consumer consumes only two goods X and Y and is in equilibrium. Price of X falls. Explain the reaction of the consumer through the Utility Analysis.

8. एक ही रेखाचित्र में कुल परिवर्ती लागत, कुल लागत, और कुल स्थिर लागत वक्र खींचिए । 3

Draw Total Variable Cost, Total Cost, and Total Fixed Cost curves in a single diagram.

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर है ।*

Note : *The following question is for the **Blind Candidates** only, in lieu of Q. No. 8.*

जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ता है, कुल लागत का क्या व्यवहार रहता है, समझाइए ।

Explain the behaviour of total cost as output increases.

9. एक उत्पादक अपनी बचत से निवेश करता है और मज़दूरों को लगाकर व्यवसाय शुरू करता है । इस सूचना से अंतर्निहित और स्पष्ट लागतों की पहचान कीजिए । समझाइए । 3

A producer starts a business by investing his own savings and hiring the labour. Identify implict and explicit costs from this information. Explain.

10. एक पूर्णतया प्रतिस्पर्धी बाज़ार में विक्रेताओं की बड़ी संख्या होने के क्या परिणाम निकलते हैं, समझाइए । 3

अथवा

समझाइए कि एक अल्पाधिकार बाज़ार में केवल कुछ फर्में ही क्यों होती हैं ।

Explain the implications of large number of sellers in a perfectly competitive market.

OR

Explain why there are only a few firms in an oligopoly market.

11. एक अनधिमान मानचित्र की परिभाषा दीजिए । समझाइए कि क्यों दायीं ओर के अनधिमान वक्र पर अधिक (संतुष्टि) का स्तर ऊँचा होता है । 4

Define an indifference map. Why does an indifference curve to the right show more utility ? Explain.

12. एक उपभोक्ता ₹ 10 प्रति इकाई की कीमत पर एक वस्तु की 10 इकाइयाँ खरीदता है। 20 इकाइयाँ खरीदने पर वह ₹ 200 खर्च करता है। प्रतिशत विधि द्वारा माँग की कीमत लोच ज्ञात कीजिए। इस सूचना के आधार पर माँग वक्र के आकार पर टिप्पणी कीजिए। 4

A consumer buys 10 units of a commodity at a price of ₹ 10 per unit. He incurs an expenditure of ₹ 200 on buying 20 units. Calculate price elasticity of demand by the percentage method. Comment upon the shape of demand curve based on this information.

13. परिवर्ती अनुपातों का नियम क्या दिखाता है ? इस नियम के अनुसार सीमांत उत्पाद का व्यवहार बताइए। 4

**अथवा**

आगतों की कीमतों में परिवर्तन से एक उत्पाद की पूर्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है, समझाइए।

What does the Law of Variable Proportions show ? State the behaviour of marginal product according to this law.

**OR**

Explain how changes in prices of inputs influence the supply of a product.

14. (i) घटिया वस्तुओं और सामान्य वस्तुओं के बीच और (ii) गणनात्मक उपयोगिता और ऑर्डिनल (क्रमसूचक) उपयोगिता के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। प्रत्येक का उदाहरण दीजिए। 6

Explain the difference between (i) inferior goods and normal goods and (ii) cardinal utility and ordinal utility. Give example in each case.

15. "पूर्ति मात्रा में परिवर्तन" और "पूर्ति में परिवर्तन" के बीच अंतर समझाइए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए । 6

Explain the distinction between "change in quantity supplied" and "change in supply". Use diagram.

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** *के लिए प्रश्न संख्या 15 के स्थान पर है ।*

*Note : The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 15.*

'पूर्ति मात्रा में परिवर्तन' और 'पूर्ति में परिवर्तन' के बीच अंतर एक तालिका की सहायता से समझाइए ।

Explain the distinction between 'change in quantity supplied' and "change in supply" with the help of a table.

16. एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । माँग और पूर्ति दोनों में एक-साथ "कमी" आती है लेकिन बाज़ार कीमत में कोई परिवर्तन नहीं आता । एक तालिका की सहायता से समझाइए कि ऐसा कैसे संभव है । 6

**अथवा**

एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । यदि कीमत (i) संतुलन कीमत से अधिक और (ii) संतुलन कीमत से कम हो, तो बाज़ार में होने वाली प्रतिक्रियाओं की श्रृंखला समझाइए ।

Market for a good is in equilibrium. There is simultaneous 'decrease' both in demand and supply but there is no change in market price. Explain with the help of a schedule how it is possible.

**OR**

Market for a good is in equilibrium. Explain the chain of reactions in the market if the price is (i) higher than equilibrium price and (ii) lower than equilibrium price.

खण्ड ख

## SECTION B

**17.** प्रवाह चर की परिभाषा दीजिए। 1

Define flow variable.

**18.** उपभोग वस्तुओं की परिभाषा दीजिए। 1

Define consumption goods.

**19.** आवधिक जमाओं से क्या अभिप्राय है ? 1

What are time deposits ?

**20.** 'प्रत्यक्ष कर' की परिभाषा दीजिए। 1

Define a 'direct tax'.

**21.** स्थिर विनिमय दर से क्या अभिप्राय है ? 1

What is a fixed exchange rate ?

**22.** बाज़ार कीमत पर निवल मूल्य वृद्धि ज्ञात कीजिए : 3

| | | |
|---|---|---|
| (i) | मूल्यह्रास (₹) | 700 |
| (ii) | उत्पादन बिक्री (इकाई) | 900 |
| (iii) | उत्पादन की प्रति इकाई कीमत (₹) | 40 |
| (iv) | अंतिम स्टॉक (₹) | 1,000 |
| (v) | आरम्भिक स्टॉक (₹) | 800 |
| (vi) | बिक्री कर (₹) | 3,000 |
| (vii) | मध्यवर्ती लागत (₹) | 20,000 |

Find Net Value Added at Market Price :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Depreciation (₹) | 700 |
| (ii) | Output sold (units) | 800 |
| (iii) | Price per unit of output (₹) | 40 |
| (iv) | Closing stock (₹) | 1,000 |
| (v) | Opening stock (₹) | 800 |
| (vi) | Sales tax (₹) | 3,000 |
| (vii) | Intermediate cost (₹) | 20,000 |

23. मुद्रा के 'आस्थगित भुगतान का मानक' कार्य को समझाइए । 3

Explain the 'standard of deferred payment' function of money.

24. बचत वक्र से उपभोग वक्र प्राप्त करने के लिए जाने वाले कदम बताइए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए । 3

Outline the steps taken in deriving Consumption Curve from the Saving Curve. Use diagram.

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर है ।*

***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only, in lieu of Q. No. 24.*

उपभोग प्रवृत्ति और बचत प्रवृत्ति के बीच अंतर संख्यात्मक उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

Distinguish between propensity to consume and propensity to save, with the help of numerical examples.

25. निम्नलिखित से उपभोग व्यय ज्ञात कीजिए : 3

राष्ट्रीय आय = ₹ 5,000

स्वायत्त (न्यूनतम) उपभोग = ₹ 1,000

सीमांत उपभोग प्रवृत्ति = 0·80

Find Consumption Expenditure from the following :

National Income = ₹ 5,000

Autonomous Consumption = ₹ 1,000

Marginal propensity to consume = 0·80

26. सरकारी बजट में राजस्व प्राप्तियों और पूँजीगत प्राप्तियों के बीच अंतर बताइए । प्रत्येक का उदाहरण दीजिए । 3

अथवा

आर्थिक स्थिरता लाने में सरकारी बजट की भूमिका समझाइए ।

Distinguish between revenue receipts and capital receipts in a government budget. Give example in each case.

**OR**

Explain the role of government budget in bringing economic stability.

27. निम्नलिखित को अंतिम व्यय माना जाना चाहिए या मध्यवर्ती व्यय ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए । 4

(i) एक फर्म द्वारा फर्नीचर की खरीद

(ii) फर्म द्वारा रख-रखाव पर किया गया व्यय

Should the following be treated as final expenditure or intermediate expenditure ? Give reasons for your answer.

(i) Purchase of furniture by a firm.

(ii) Expenditure on maintenance by a firm.

28. केन्द्रीय बैंक का 'अंतिम ऋणदाता' कार्य समझाइए । 4

अथवा

केन्द्रीय बैंक का 'सरकार का बैंक' कार्य समझाइए ।

Explain the 'lender of last resort' function of the central bank.

**OR**

Explain 'government's banker' function of the central bank.

29. सरकारी बजट में 'राजकोषीय घाटा' की अवधारणा समझाइए । इससे क्या पता चलता है ? 2

Explain the concept of 'fiscal deficit' in a government budget. What does it indicate ?

30. (i) बाज़ार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद तथा (ii) विदेशों को निवल चालू (पूर्ण) हस्तांतरण ज्ञात कीजिए : 4, 2

| | | (₹ करोड़) |
|---|---|---|
| (i) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 1000 |
| (ii) | मूल्यह्रास | 100 |
| (iii) | निवल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय | 1500 |
| (iv) | अंतिम स्टॉक | 20 |
| (v) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 300 |
| (vi) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 50 |
| (vii) | आरम्भिक स्टॉक | 20 |
| (viii) | निवल घरेलू स्थायी पूँजी निर्माण | 110 |
| (ix) | निवल निर्यात | 15 |
| (x) | विदेशों को निवल साधन आय | (–) 10 |

Find out (i) Gross National Product at Market Price and (ii) Net Current Transfers to Abroad :

| | | (₹ crore) |
|---|---|---|
| (i) | Private final consumption expenditure | 1000 |
| (ii) | Depreciation | 100 |
| (iii) | Net national disposable income | 1500 |
| (iv) | Closing stock | 20 |
| (v) | Government final consumption expenditure | 300 |
| (vi) | Net indirect tax | 50 |
| (vii) | Opening stock | 20 |
| (viii) | Net domestic fixed capital formation | 110 |
| (ix) | Net exports | 15 |
| (x) | Net factor income to abroad | (–) 10 |

31. 'स्फीति अंतराल' की अवधारणा समझाइए । इसको कम करने में 'वैधानिक आरक्षित निधि' की भूमिका भी समझाइए । 6

**अथवा**

'अवस्फीति अंतराल' की अवधारणा समझाइए । इसको कम करने में 'मार्जिन आवश्यकताओं' की भूमिका भी समझाइए ।

Explain the concept of 'inflationary gap'. Also explain the role of 'legal reserves' in reducing it.

**OR**

Explain the concept of 'deflationary gap'. Also explain the role of 'margin requirements' in reducing it.

32. 'विदेशी विनिमय' और 'विदेशी विनिमय दर' के अर्थ बताइए । कारण देते हुए विदेशी विनिमय दर और विदेशी विनिमय की माँग के बीच सम्बन्ध समझाइए । 6

Give the meaning of 'foreign exchange' and 'foreign exchange rate'. Giving reason, explain the relation between foreign exchange rate and demand for foreign exchange.